खबर संक्षेप

पत्नी ने प्रेमी से कराई थी पति की हत्या,खुलासा

फरीदाबाद। पल्ला इलाके में सवा महीने पहले एक व्यक्ति की पत्थर से सिर में चोट मार कर की गई हत्या की वारदात से पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। व्यक्ति की पत्नी के एक अन्य व्यक्ति से नाजायज संबंध थे। इसी के चलते उसने अपने प्रेमी से पति की हत्या करा दी। पुलिस ने बहराइच यूपी के प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इसकी प्रेमिका की भी गिरफ्तारी करेगी।

हाई वोल्टेज तारों की चपेट में आने से मौत

गुरुग्राम । सेक्टर-9ए के भवानी एंक्लेव में एक महिला की हाई वोल्टेज बिजली की तारों से करंट लगने से मौत हो गई। महिला के घर पर उनकी बेटी के रिश्ते की बात चल रही थी। जिसको देखने के लिए लडक़े के परिजन आने थे। जिसके चलते वह छत पर सफाई कर रही थी। महिला को करंट लगते ही आस पास के इलाके में हडक़ंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

बोतल मारकर भांजे को किया लहूलुहान

गुरुग्राम। डीएलएफ फेज-2 एरिया में कटहल की सब्जी बनाने को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भांजा के सिर में बोतल मारकर लहूलुहान कर दिया। आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां से उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रैफर कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने अरावली को बचाने के लिए उठाया बड़ा कदम

पर्यावरणविद् चेतन अग्रवाल व पूर्व सैनिक सतिंदर दुग्गल ने बताया कि 2005 में नेशनल कन्वज़र्वेशन जोन 2021 के रीजनल प्लान को प्रधानमंत्री कार्यालय में गृह मंत्री की अध्यक्षता में गठित ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने अरावली के बचाव के लिए 2041 के रीजनल प्लान में बरकरार रखने व उसनें किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने से मना कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केंद्र सरकार द्वारा अरावली को बचाने के लिए एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। पर्यावरणविद् चेतन अग्रवाल व पूर्व सैनिक सतिंदर दुग्गल ने बताया कि 2005 में नेशनल कन्वज़र्वेशन जोन 2021 के रीजनल प्लान को प्रधानमंत्री कार्यालय में गृह मंत्री की अध्यक्षता में गठित ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने अरावली के बचाव के लिए 2041 के रीजनल प्लान में बरकरार रखने व उसनें किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने से मना कर दिया है। आसान शब्दों में यह कहा जा सकता है कि 2041 के लिए बनाए रीजनल प्लान में एक तरह से पूरे अरावली को ही समाप्त कर उसमे सीएलयू (लैंड यूज़ कन्वर्शन) लाइसेंस व कंस्ट्रक्शन का रास्ता खोल दिया था, यानी 2041 तक अरावली का अस्तित्व समाप्त करने का प्रपोजल पास हो गया था जिसमें गुरुग्राम व फरीदाबाद में सबसे ज़्यादा नुकसान फरीदाबाद में स्थित बड़खल से सूरजकुण्ड तक की अरावली रेंज को होता, लेकिन अब प्रधानमंत्री कार्यालय में गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गठित ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स ने उस प्रपोजल को सिरे से खारिज कर दिया है।

निर्णय से एनसीआर के लोगों ने राहत की सांस ली

फरीदाबाद में आम लोगों ने 50 से 52 डिग्री तापमान तक की गर्मी को सहन किया व अकारण सी दिखने वाली कोरोना काल की तरह से मौतें देखी व जिसके कारण स्वर्ग आश्रमों में जगह भी कम पड़ी। केंद्र सरकार की पहल को देखते हुए फरीदाबाद सहित एनसीआर के लोगों ने राहत की सांस ली है।

गंतव्य तक पहुंचने के लिए फरीदाबाद जिला के 3 मार्गों का चयन

कांवड़ यात्रा के संबंध में पुलिस ने लिया रूट का जायजा, दिए निर्देश

पैदल चलने वाले कावड़ यात्रियों का कालिंदी कुंज दिल्ली से एमसीडी टोल से होते हुए आगरा कैनाल के साथ बना रोड रहेगा मुख्य मार्ग। डीसीपी ट्रैफिक ने रूट के निरिक्षण के बाद यातायात के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

20 जुलाई से 2 अगस्त तक प्रस्तावित कावड़ यात्रा के संबंध में फरीदाबाद द्वारा रूट का निरीक्षण किया गया है तथा यातायात के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देकर कावड़ यात्रियों का रूट निर्धारित किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कावड़ यात्रियों द्वारा अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचने के लिए फरीदाबाद जिला के 3 मार्गों का प्रयोग किया जाता है। मार्ग नं.1 कालिंदी कुंज दिल्ली से एमसीडी टोल से होते हुए आगरा कैनाल के साथ बना रोड, मार्ग नंबर 2 बदरपुर बॉर्डर दिल्ली से प्रवेश करने के बाद आउटर बाईपास रोड फरीदाबाद तथा मार्ग नंबर 3 बदरपुर बॉर्डर दिल्ली से प्रवेश करने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग है। मार्ग नं. 1 कालिंदी कुंज दिल्ली से एमसीडी टोल से होते हुए आगरा कैनाल के साथ बना रोड मुख्य मार्ग चिन्हित किया गया है।

खास बातें

- शिविरों में पर्याप्त व्यवस्था की गई
- अतिक्रमण हटाकर रास्ता साफ करवाने के निर्देश
- पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

क्रॉसिंग के लिए पॉइंट चिन्हित कर बैरिकेडिंग करने के दिए निर्देश

बताया कि डीसीपी ट्रैफिक उषा द्वारा कावड़ यात्रियों के मार्ग के निरीक्षण के दौरान मार्ग पर लगने वाले शिविरों में पर्याप्त व्यवस्था करने, मार्ग पर गड्ढों को भरने व जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए संबंधित विभाग से संपर्क करके इसे दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए।

कावड़ यात्रा के मार्ग पर पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे लगवाने और रास्ते से अतिक्रमण को हटवाकर रास्ता साफ करवाने बारे भी कहा गया है। आमजन व कावड़ियों की क्रॉसिंग करवाने के लिए पॉइंट चिन्हित करके आवश्यक बैरिकेडिंग करने बारे यातयात प्रभारी को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि कावड़ यात्रा के मार्ग पर कोई भी बिजली की नंगी तार न लटकी हो, रास्ते के दोनों तरफ की झाड़ियों को साफ करवाकर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो तथा मार्ग पर पड़ने वाली मीट की दुकानों को यात्रा के दौरान बंद या स्थानांतरित करवाया जाए।

डीसीपी ट्रैफिक उषा ने अपील करते हुए कहा कि सभी वाहन चालक ध्यान दें और अपनी मंजिल तक पहुंचने के लिए अपना मार्ग चुने और फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस का सहयोग करें।

अवैध गांजा सहित पुलिस ने 4 को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सोहना क्राइम ब्रांच ने राजस्थान से लाई गई अवैध गांजा की खेप सहित चार आरोपियों को काबू किया है। आरोपी 9 लाख 70 हजार रुपए में यह गांजा राजस्थान से खरीदकर लाए थे और इसे सप्लाई के लिए फरीदाबाद ले जा रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों से 2 कार व 97 किलो 750 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर केस दर्ज कर लिया। दरअसल, सोहना क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि राजस्थान से लाई गई अवैध गांजा की खेप सप्लाई के लिए फरीदाबाद ले जाई जा रही है। आरोपियों की पहचान फरीदाबाद के अनिल शर्मा, नूंह के साहिल व अनीश तथा यूपी के मथुरा निवासी जुबेर के रुप में हुई। पुलिस ने आरोपियों से दो कार व 97 किलो 750 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर सोहना शहर थाना में केस दर्ज किया है।

आरोपियों ने बताया कि वे गांजा राजस्थान से 9 लाख 70 हजार रुपए में खरीदकर भारी मुनाफे के साथ फरीदाबाद में सप्लाई करते है। आरोपियों ने आई-20 कार में गांजा रखा था, वहीं दूसरी स्विफ्ट कार निगरानी करते हुए इसके आगे चल रही थी।

आरोपी अनिल पर फरीदाबाद, दिल्ली में मादक पदार्थ रखने/बेचने व सप्लाई करने के संबंध में चार केस पहले भी दर्ज हैं।

सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजी. कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली- 110092, Phone: +011-22731509
Email: info@sidhmanagement.in Website: www.sidhmanagement.in

सार्वजनिक सूचना-40वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम)

कम्पनी के सदस्यों की 40वीं एजीएम शुक्रवार, 09 अगस्त 2024 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी) ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली-110092 में, एजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेसेज के लिये आयोजित की जाएगी।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना ग्रीन इनिशिएटीव मेजर के भाग के रूप में उन सदस्यों को इलैक्ट्रोनिक मोड द्वारा भेजी जा रही है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीज पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं और शेयरधारकों जिनके ई-मेल आईडी उपलब्ध नहीं है, हेतु, इसकी भौतिक प्रतियां अनुमत्य मोड में उनके पंजीकृत पते पर प्रेषित की जा रही हैं।

यदि आपका ई-मेल आईडी कम्पनी / डिपॉजिटरी के पास पहले से ही पंजीकृत है, वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना और ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण आपके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेजे जाएंगे। यदि आप कम्पनी / डिपॉजिटरी के पास अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और ई-वोटिंग हेतु लॉगइन विवरण प्राप्त करने के लिये अपनी ई-मेल आईडी पंजीकृत करवाने के लिये कृपया निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें।

फिजिकल होल्डिंग	ई-मेल पता पंजीकरण करवाने के लिये फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर सर्टिफिकेट की स्कैन्ड प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन्ड प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन्ड प्रति) प्रदान करते हुये कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट्स, मै. एड्रॉइट कार्पोरेट सर्विसेज प्रा. लि. को info@adroitcorporate.com पर एक आग्रह भेजें। **कृपया इसको शुक्रवार, 02 अगस्त 2024 को अथवा इससे पूर्व अपडेट करें।**
डिमैट होल्डिंग	कृपया आपके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) से सम्पर्क करें और डीपी द्वारा परामर्श की गई प्रक्रिया के अनुरूप अपना ई-मेल पता पंजीकृत करें। **कृपया इसको शुक्रवार, 02 अगस्त 2024 को अथवा इससे पूर्व अपडेट करें।**

वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध होगी और एजीएम की सूचना स्टॉक एक्सचेंजेज जिन पर कम्पनी की सिक्योरिटीज लिस्टेड हैं, की वेबसाइट्स अर्थात www.msei.in पर भी उपलब्ध होगी।

कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
(प्रबंध निदेशक एवं सीईओ)
(डीआईएन : 07526355)

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 12.07.2024

खिंदौड़ा कांड: आरोपियों को असलाह उपलब्ध कराने व मुखबिरी करने वाला 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

निवाड़ी थानाक्षेत्र के खिंदौड़ा गांव के जंगल में बाग में पानी चलाने का लेकर हुए दो पक्षों के विवाद के बाद पिता व पुत्र की हत्या करने वाले आरोपियों को हथियार उपलब्ध कराने व मुखबिरी करने वाले आसिफ को स्वाट टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था।

डीसीपी ग्रामीण विवेक चंद्र यादव ने बताया कि आरोपी आसिफ ने सुधीर त्यागी पक्ष को दो पिस्टल उपलब्ध कराई थीं और पप्पू व उसके बेटों की बाइक पर आने की सूचना भी दी थी। उसने सुधीर त्यागी पक्ष की इस विवाद में मदद की थी। वारदात से पहले दो पिस्टल सुधीर के बेटे मोहित उर्फ बादशाह को उपलब्ध कराने के साथ ही आसिफ ने पप्पू की अपने बेटों के साथ बाइक पर जाने की सूचना दी थी। सूचना के आधार पर सुधीर पक्ष ने उनका रास्ता घेर लिया और फिर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर पप्पू व उसके एक बेटे को मौत के घाट उतार दिया था। पप्पू का दूसरा बेटा चांद गंभीर रूप से जख्मी हो गया था।

21 जून को हुआ था विवाद

उन्होंने बताया कि मेरठ के जॉनी थानाक्षेत्र निवासी पप्पू कुरैशी ने खिंदौड़ा गांव निवासी वेदप्रकाश त्यागी का बाग ठेके पर लिया था। 21 जून की शाम पप्पू कुरैशी अपने दो बेटों शाहनवाज उर्फ राजा और चांद के साथ रजवाहे से पानी दे रहा था। उनका पड़ोस वाले बाग के मालिक सुधीर त्यागी से विवाद हो गया था। देर रात जब पप्पू अपने दोनों बेटों के साथ बाइक पर सवार होकर घर जा रहा था तो सुधीर त्यागी पक्ष के लोगों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी। राजा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच गोलियां लगने के बाद चांद भाग निकला। उसे गंभीर हालत में मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पप्पू का शव 22 जून की सुबह रजवाहे से मिला था। मामले में 22 जून की सुबह बिलाल की तहरीर पर निवाड़ी थाने में एफआइआर दर्ज की गई थी। उसी दिन मामले में नामजद सुधीर त्यागी, सुधीर त्यागी के बेटे बिट्टू और दीपक को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब पुलिस ने मामले में फरार 50 हजार के दूसरे ईनामी आसिफ निवासी खिंदौड़ा को गिरफ्तार किया है।

संपत्ति विवाद में युवक ने दो सगे साढ़ूओं की गोलियों से भूनकर कर दी हत्या

गाजियाबाद। थाना नंदग्राम क्षेत्र में एक युवक ने अपने सगे साढ़ू व एक अन्य रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्याकांड की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में हत्या का कारण घरेलू विवाद लग रहा है। पुलिस ने आरोपी व उसके अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (नगर) कुंवर जज्ञानजंय सिंह ने बताया कि देर रात घरेलू विवाद के चलते विकास के सगे साढ़ू अनुज चौधरी व उसके साथी कुलदीप ने विकास और उसके साढ़ू तेजवीर को गोलियों से भून डाला। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई।

नगर निगम ने लगाई फिजूलखर्ची पर रोक

कुर्सी पर न हों तो एसी, पंखा, कूलर बंद रखें, वरना लगेगी वेतन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम मुख्यालय पर तौलिया कल्चर पर रोक लगा दी गई है। साथ ही कार्य पटल पर फिजूल में एसी, पंखा, कूलर चलते मिला तो संबंधित अधिकारी के वेतन पर रोक लगा दी जाएगी। यह व्यवस्था नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने लागू कर दी। इसका उद्देश्य फिजूलखर्ची पर रोक लगाना है।

नगर आयुक्त कार्य स्थलों का लिया जायजा: नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सभी विभागीय अधिकारियों के कार्य स्थलों का जायजा लिया गया। उन्होंने बाबुओं की कार्य शैली को देखा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने प्रभारी नजारत को कुर्सियों पर तौलिया लगाने की प्रथा को बंद करने के निर्देश दिए।

लेखाधिकारी को फाइलों पर बेहतर कार्यवाही करने के निर्देश

प्रथम तल से लेकर पंचम तल तक नगर आयुक्त ने औचक निरिक्षण किया। लेखा विभाग का विशेष रूप से जायजा लिया, जिसमें फाइलों के रखरखाव को लेकर नगर आयुक्त द्वारा लेखाधिकारी डॉ. गीता कुमारी को फाइलों का रखरखाव और बेहतर करने के लिए क। खाली कमरे में एसी चलता देखकर नगर आयुक्त सख्त हुए। कर्मचारियों के साथ-साथ अधिकारियों की भी हाजरी सुनिश्चित करने के लिए सभी के कार्य स्थल पर पहुंचे। फिजूल में लाइट पंखा कूलर चलते मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए वेतन काटने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए।नगर आयुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को पटलों पर लाइट और पानी की बर्बादी न हो यह सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसी के साथ शौचालय की व्यवस्था तथा साफ-सफाई की व्यवस्था को और अधिक बेहतर करने के लिए कहा गया मौके पर डॉ. अनुज प्रभारी नजारत भी उपस्थित रहे।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प गुरुग्राम	हरियाणा भवन, नई दिल्ली में कैंटीन उपकरण, फर्नीचर की विशेष मरम्मत और ग्रेनाइट कार्य।	बंद होने की तिथि 17.07.2024	26.74 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
2	पंचायती राज करनाल	वीएएनजीवाई स्कीम 2023-24 के तहत गांव बैरसाल, ब्लॉक नीलोखेड़ी, जिला करनाल में राम गढ़िया चौपाल में चारदिवारी को पूरा करना + 5 कार्य।	10.07.2024 17.07.2024	37.03 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
3	एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह	एसएचकेएमजीएमसी नल्हार नूह में स्टेशनरी मदों-III हेतु निविदा।	बंद होने की तिथि 24.07.2024	10000/-	https://etenders.hry.nic.in	01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com
4	एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह	एसएचकेएमजीएमसी नल्हार नूह में स्टेशनरी मद-IV हेतु निविदा।	बंद होने की तिथि 24.07.2024	10000/-	https://etenders.hry.nic.in	01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com
5	पंचायती राज पानीपत	कार्य का नाम - स्कीम शिवधाम के तहत गांव चुलकाना, ब्लॉक समालखा, जिला पानीपत में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 1 कार्य।	10.07.2024 16.07.2024	105.45 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in
6	पंचायती राज फरीदाबाद	गांव भुआपुर, ब्लॉक तिगांव, जिला फरीदाबाद में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण।	10.07.2024 16.07.2024	9.96 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in
7	पंचायती राज फरीदाबाद	गांव मोहना, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में दानी के निकट जाट चौपाल का निर्माण (डी. प्लान) सामान्य + 1 कार्य।	10.07.2024 16.07.2024	36.59 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in
8	पंचायती राज सोनीपत	गांव उदेशीपुर, ब्लॉक गन्नौर में शमशान घाट से बीपीएल प्लॉट बस्ती तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 3 कार्य।	बंद होने की तिथि 18.07.2024	250.67 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
9	पंचायती राज सोनीपत	गांव एसपी माजरा ब्लॉक गोहाना में बीरबादा तालाब से जुगती राम बैरागी के खेत तक बीओईपी रास्ता का निर्माण + 5 कार्य।	बंद होने की तिथि 15.07.2024	50.71 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
10	पंचायती राज सोनीपत	गांव गढवाल में बिरस्थाँ पाना चौपाल का निर्माण (वीएजीवाई) + 25 कार्य।	बंद होने की तिथि 15.07.2024	387.14 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 prexeeng.snp@gmail.com
11	पंचायती राज हिसार	मोहला, हांसी2, फिरनी की पेवमेंट + 17 कार्य।	10.07.2024 19.07.2024	1087.89 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in
12	पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी	गांव डांडमा में लोनिवि रोड के साथ-साथ नाला का निर्माण कार्य।	09.07.2024 16.07.2024	11.07 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com
13	लोनिवि भ व प चण्डीगढ़	निर्माण सदन बिल्डिंग, सेक्टर-33, चण्डीगढ़ में सेंट्रल एयरकंडीशनिंग सिस्टम (2×150 टीआर) के प्रचालन और व्यापक रखरखाव हेतु एएमसी (अवधि 01.01.2024 से 31.12.2025 हेतु) (दो वर्ष)।	11.07.2024 18.07.2024	23 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0172-2618279 pwd-eecd-chandigarh@hry.nic.in
14	लोनिवि भ व प नारनौल	महेन्द्रगढ़ जिले में निजामपुर-नारनौल-महेन्द्रगढ़-दादरी रोड कि.मी. 0 से 13.88 (एच.एस. 17) (रोड आईडी 2620) तक रोड की विशेष मरम्मत।	10.07.2024 23.07.2024	802.36 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in
15	पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी	26.25 - गांव गोच्छी, ब्लॉक बेरी में गोरक नाथ धाम में हॉल का निर्माण।	09.07.2024 17.07.2024	22.41 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
16	पंचायती राज बाढड़ा, चरखी दादरी	गांव बाढड़ा में मेन लोहारु रोड से करीशन सोनी के मकान तक सीसी बेस पर आईपीबी गली का निर्माण कार्य।	09.07.2024 16.07.2024	20.57 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
17	पंचायती राज बोंद कलां, झज्जर	गांव मिसरी में एससी चौपाल (जैडपी) में हॉल का निर्माण + 1 कार्य।	09.07.2024 16.07.2024	17.02 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com
18	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं हस्पताल, करनाल	केसीजीएमसी, करनाल में किचन और डाइटरी सर्विसेज के प्रावधान हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में।	15.07.2024 30.07.2024	3 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416484103 director.kcghc-hry@gov.in
19	कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं हस्पताल, करनाल	केसीजीएमसी, करनाल में ग्रुप मेडिकल गैसेज की आपूर्ति हेतु ई-निविदा के सम्बन्ध में।	16.07.2024 01.08.2024	50000/-	https://etenders.hry.nic.in	9416484103 director.kcghc-hry@gov.in
20	लोनिवि भ व प हिसार	जीसी हांसी में रीडिंग रूम सहित लाइब्रेरी का विस्तार और टीचिंग ब्लॉक का निर्माण (सीसीटीवी कैमरा सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम, एलएएन और ईपीएबीएक्स सिस्टम, ऑनलाइन यूपीएस और स्मार्ट क्लास रूम का प्रावधान केवल)।	11.07.2024 18.07.2024	ईएमडी 70376/-	https://etenders.hry.nic.in	1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/400/27782/I/88/7 दि. 12.07.24